एस. के. शर्मा
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

S. K. Sharma
Chairman & Managing Director
(Additional Charge)

दि स्टेट ट्रेडिंग कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)

THE STATE TRADING CORPORATION OF INDIA LTD.
(A Govt. of India Enterprise)

हिंदी दिवस का संदेश

(14 सितंबर 2021)

प्रिय साथियो,

जीवन में उतार-चढ़ाव आना एक सर्वविदित सत्य है। कभी परिस्थितियाँ हमारी अपेक्षाओं के अनुकूल होती हैं तो कभी उनका प्रतिकूल होना भी स्वाभाविक है। हाल ही में हम सब ने देखा कि किस प्रकार कोविड-19 महामारी ने पूरी दुनिया के समक्ष अप्रत्याशित चुनौती पैदा की। परंतु साथ ही यह भी सत्य है कि चुनौती जितनी बड़ी होती है, उसमें संदेश भी उतना ही बड़ा होता है। इस महामारी से निपटने के लिए विश्व समुदाय में परस्पर सहयोग का भाव स्पष्ट रूप से देखने में आया है। जहाँ तक संस्थाओं की बात है, तो इनमें भी समय-समय पर उतार-चढ़ाव अवश्य आते हैं। जैसाकि ज्ञात है कि हमारा कार्पोरेशन पिछले कुछ समय से चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है। तथापि, कठिन समय में आपसी सहयोग और अधिक परिश्रम से किसी भी चुनौती का मुकाबला करना संभव है। जनशक्ति अर्थात् कर्मचारी किसी भी संगठन का आधार होते हैं। अत: सभी कर्मचारियों से अपनी पूरी क्षमता के साथ अपने कार्यालयीन कार्य करने की सदैव अपेक्षा होती है, ताकि संस्था के हितों को पूरा किया जा सके।

इसके साथ ही यह भी सत्य है कि तमाम चुनौतियों के बावजूद भारत सरकार की राजभाषा नीति की अपेक्षाओं के मद्देनजर कार्पोरेशन की ओर से राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन की दिशा में हर संभव प्रयास किए हैं। इनमें दैनंदिन कार्यालयी कामकाज हिंदी में करना, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों व हिंदी कार्याशालाओं का नियमित रूप से आयोजन, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों में भागीदारी, यथा निर्धारित राजभाषा संबंधी रिपोर्टें भेजना आदि प्रमुख रूप से उल्लेखनीय हैं। इसके अलावा, कार्पोरेशन में प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है और इस अवसर पर राजभाषा पखवाड़ा आयोजित किया जाता है। साथ ही कर्मचारियों को राजभाषा हिंदी के प्रयोग के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करने के अनेक प्रयास किए जाते हैं। यह हम सब के लिए संतोष का विषय है कि कार्पोरेशन में राजभाषा नीति और उसकी अपेक्षाओं के प्रति पर्याप्त जागरूकता है। तथापि, हिंदी दिवस के अवसर पर मैं अपने कार्पोरेशन के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से आह्वान करता हूँ कि आप अपना अधिक से अधिक कार्यालयी कामकाज हिंदी में करने का प्रयास करें। इसके साथ ही मैं आप सभी को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। धन्यवाद। जयहिंद।

हार्दिक शुभकामनाओं सहित,

संजीव शर्मा 14.9.21
(संजीव कुमार शर्मा)

पंजीकृत कार्यालय : जवाहर व्यापार भवन, टॉलस्टॉय मार्ग, नई दिल्ली-110001
Regd. Office: Jawahar Vyapar Bhawan, Tolstoy Marg, New Delhi-110 001
दूरभाष/ Telephone : +91-11-23701194, 23701009 फैक्स/Fax : +91-11-23701079 ई-मेल/ E-mail : cmd@stclimited.co.in
कॉर्पोरेट पहचान संख्या / Corporate Identity No. : L74899DL1956GOI002674 वेबसाईट / Website: www.stclimited.co.in
"हिन्दी में प्राप्त पत्रों का स्वागत है"

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर